आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484




# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :436 पृष्ठ -4 दिनांक 27 मार्च 2025 दिन गुरूवार

# यूपी में मुसलमान सबसे अधिक सुरक्षित.संभल से लेकर मथुरा मामले पर भी सीएम योगी ने दिया जवाब

## 2017 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से सांप्रदायिक दंगे बंद हुए



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में मुसलमान सबसे ज्यादा सुरक्षित हैं। साल 2017 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से सां. प्रदायिक दंगे बंद हो गए हैं। इस पर उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में मुसलमान सबसे अधिक सुरक्षित हैं। उन्होंने दोहराया कि सबसे अधिक सुरक्षित हैं। यूपी में अगर हिंदू सुरक्षित हैं तो मुसलमान भी सुरक्षित हैं। सीएम योगी ने कहा कि 100 मुस्लिम परिवारों में एक हिंदू, एक हिंदू छोड़िए, 50 हिंदू परिवार सुरक्षित नहीं रह सकते हैं, लेकिन 100 हिंदू घरों के बीच एक मुस्लिम परिवार सुरक्षित रहता है। उन्हें अपने सभी धार्मिक कर्म करने की आजादी होगी। उन्होंने बांग्लादेश की स्थिति का हवाला भी दिया, जहां हाल ही में अल्पसंख्यकों और मंदिरों पर कई हमले हुए हैं।इससे पहले पाकिस्तान इसका उदाहरण था। सीएम योगी ने कहा कि इतिहास में कोई उदाहरण नहीं बता सकता कि किसी हिंदू राजा ने किसी देश पर कब्जा किया

हो।संभल में खुदाई पर सीएम योगी ने कही ये बातसंभल से वाराणसी तक नए-नए मंदिरों को खोजने के सवाल पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संभल में मौजूद सभी मंदिरों को पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने अब तक शहर में 54 से अधिक तीर्थ स्थलों की पहचान की है, और शेष को खोजने के प्रयास जारी हैं। एएनआई से बात करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने इस बात पर जोर दिया कि सनातन हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण स्थल भारत की विरासत के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा जो कुछ भी है, हम उसे खोज लेंगे। हम दुनिया को दिखाएंगे। जिन्हें भग. वान ने आंखें दी हैं, उन्हें देखने दें। संभल में क्या हुआ? संभल सच्चाई है।हिंदू मंदिरों के खंडहरों पर बनी मस्जिदों के मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएम योगी ने कहा कि इस्लाम कहता है कि हिंदू मंदिरों को नष्ट करने के बाद बनाए गए पूजा स्थल भग. वान को स्वीकार नहीं हैं। फिर उन्हें क्यों बनाया गया? उन्होंने दोहराया कि सनातन हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण स्थल हमारी विरासत के प्रतीक हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार मंदिरों को पुनर्जीवित करना जारी रखेगी। हमने 54 से ज्यादा जगहों की पहचान की है और बाकी जगहों की तलाश कर रहे हैं। वै. ज्ञानिक सबूत मौजूद हैं, हम दिखा रहे हैं कि वे कहां हैं। ईदगाह मस्जिद-कृष्ण जन्मभूमि विवाद पर भी बोले योगीमथुरा की ईदगाह मस्जिद और कृष्ण जन्मभूमि विवाद के बारे में पूछे जाने पर यूपी के सीएम योगी ने कहा कि ष्हम अदालत के फैसले का पालन कर रहे हैं, नहीं तो कौन नहीं जानता है कि अब तक क्या हो सकता था? संभल और बहराइच में आयोजित गाजी सालार मसूद मेले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि नए भारत में हमलावरों के लिए कोई जगह नहीं है।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मसूद जैसे लोगों का महिमामंडन करना देश का अपमान है। उन्हें मूर्ति के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, और नए भारत में उनके लिए कोई जगह नहीं है। हमलों का जश्न नहीं मनाया जाना चाहिए। हमें यह भी पहच. ानना चाहिए कि ये हमले विदेशियों द्वारा किए गए थे, उन्होंने भारत की आस्था को निशाना बनाया, भारतीय बहनों और बेटियों का अपमान किया और देश को लूटा, उनका महिमामंडन भारतीयों की आस्था का अपमान है। उनका महिमामंडन करके हम देश का अपमान करते हैं, और मुझे लगता है कि भारत में कोई भी इसे स्वीकार नहीं करेगा।

## उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि बड़ी संख्या में पेड़ों को काटना मनुष्य की हत्या से भी बड़ा अपराध



उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि बड़ी संख्या में पेड़ों को काटना मनुष्य की हत्या से भी बड़ा अपराध है। न्यायालय ने अवैध रूप से काटे गए प्रत्येक पेड़ के लिए एक व्यक्ति पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने यह टिप्पणी उस व्यक्ति की याचिका को खारिज करते हुए की, जिसने संरक्षित 'ताज ट्रेपेजियम जोन' में 454 पेड़ काट डाले थे। पीठ ने कहा, ''पर्यावरण के मामले में कोई दया नहीं होनी चाहिए। बड़ी संख्या में पेड़ों को काटना किसी इंसान की हत्या से भी जघन्य है।'' शीर्ष अदालत ने कहा कि बिना अनुमति के काटे गए 454 पेड़ों से जो हरित क्षेत्र था उसी तरह का हरित क्षेत्र फिर से उत्पन्न करने में कम से कम 100 वर्ष लगेंगे। उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया, जिसमें शिवशंकर अग्रवाल नामक व्यक्ति द्वारा मथुरा-वृंदावन में डालमिया फार्म में 454 पेड़ काटने के लिए प्रति पेड़ एक लाख रुपये का जुर्माना लगाने की सिफारिश की गई थी।शिवशंकर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि उन्होंने अपनी गलती स्वीकार कर ली है लेकिन अदालत ने जुर्माना राशि कम करने से इनकार कर दिया। इसने कहा कि

अग्रवाल को निकटवर्ती स्थल पर पौधारोपण करने की अनुमति दी जानी चाहिए तथा उसके खिलाफ दायर अवमानना याचिका का निपटारा अनुपालन के बाद ही किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने अपने 2019 के उस आदेश को भी वापस ले लिया जिसमें 'ताज ट्रेपेजियम जोन' के भीतर गैर-वन और निजी भूमि पर पेड़ों को काटने के लिए अनुमति प्राप्त करने की आवश्यकता को हटा दिया गया था।

## मनरेगा योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा, क्रिकेटर मोहम्मद शमी की बहन और बहनोई को मिल रही मजदूरी

यूपी के अमरोहा में मनरेगा योजना के जरिए हो रहे एक फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है. इस खुलासे के बाद फिर से अधिकारियों पर सवाल खड़े होने लगे हैं. हालांकि इस बार मोहम्मद शमी की बहन और बहनोई का नाम भी सामने आया है. इन दोनों को ही बीते तीन सालों से लगातार मजदूरी मिल रही है.भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी की बहन और बहनोई को मनरेगा में मजदूरी मिल रही है. क्रिकेटर मोहम्मद शमी की बहन शबीना आन डॉक्यूमेंट मनरेगा की मजदूर हैं. शमी की बहन के खाते में 2021 से 2024 तक लगातार पैसा आया है.

### उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी में मुसलमानों को सबसे ज्यादा सुरक्षित

अयोध्या से समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने पलटवार किया है. उन्होंने सीएम योगी के बयान को गलत बताया और दावा किया है कि जब से यूपी में उनकी सरकार आई है तब से कोई सुरक्षित नहीं है. उन्होंने कहा कि यूपी में न तो हिन्दू सुरक्षित हैं और न हीं मुसलमान. सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने योगी जी ने

मुसलमानों को लेकर जो बयान दिया है वो सत्यता से परे है. उनका ये कहना कि प्रदेश में जितने हिंदू सुरक्षित हैं, उतने ही मुसलमान भई सुरक्षित हैं ये गलत है जबकि सच्चाई ये हैं कि जबसे उत्तर प्रदेश में योगी बाबा की सरकार आई है तब से प्रदेश में न तो हिन्दू सुरक्षित हैं और न ही मुसलमान सुरक्षित हैं. सीएम योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में न्यूज एजेंसी एनएचआई के पॉडकास्ट में तमाम मुद्दों को लेकर बात की है. जिसमें उन्होंने दावा किया था कि यूपी में मुसलमान सबसे ज्यादा सुरक्षित हैं. उन्होंने कहा कि यूपी में जितना हिन्दू सुरक्षित हैं उतना है मुसलमान भी भी सुरक्षित हैं. सीएम योगी ने कहा कि दुनिया में ऐसा कोई उदाहरण नहीं मिलता की कहीं भी हिन्दू राजाओं ने अपने बल पर किसी पर आधिपत्य स्थापित किया हो.

## घरेलू शेयर बाजारों में उथल पुथल, 73.05 अंक फिसला बीएसई स्टॉक

घरेलू शेयर बाजारों ने सात सत्र की तेजी के बाद बुधवार को मुनाफावसूली के कारण शुरुआती बढ़त खो दी और नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने लगे। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार 150.68 अंक चढ़कर 78,167.87 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 67.85 अंक की बढ़त के साथ 23,736.50 अंक पर रहा। हालांकि बाद में दोनों सूचकांकों ने शुरुआती बढ़त खो दी और गिरावट के साथ कारोबार करने लगे। बीएसई 73.05 अंक फिसलकर 77,928.26 अंक पर और निफ्टी 37.55 अंक की गिरावट के साथ 23,631.10 अंक पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से जोमैटो, एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, मारुति, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मा, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और इंफोसिस के शेयर नुकसान में रहे। इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर फायदे में रहे। एशियाई बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग फायदे में रहे। अमे. रिकी बाजार मंगलवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73.21 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 5,371.57 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स मंगलवार को 32.81 अंक या 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,017.19 अंक पर जबकि निफ्टी 10.30 अंक या 0.04 प्रतिशत चढ़कर 23,668.65 अंक पर बंद हुआ था।

## सपा सांसद के आवास पर जाने से करणी सेना को रोका, पुलिस और प्रदर्शनकारियों में झड़प, 6 घायल



औरंगजेब विवाद के बाद शुरू हुई बयानबाजी अभी भी जा रही है. वहीं समा. जवादी पार्टी सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर दिए गए बयान के बाद अब सियासी बवाल शुरू हो गया है. समाजवादी पार्टी सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर दिए गए बयान के बाद से सियासी बवाल कम होने के नाम ही नहीं ले रहा है. सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आवास पहुंचने से पहले करणी के कार्यकर्ताओं को रोका गया था. पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे करणी सेना के कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोका तो वहां झड़प हो गई. रामजी लाल सुमन के आवास पर प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प में 6 पु. लिसकर्मी घायल हो गए हैं. सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आवास पर करणी सेना ने प्रदर्शन का ऐलान किया था. बड़ी संख्या में करणी सेना के कार्यकर्ता सपा सांसद के आवास की ओर कुच कर रहे हैं. यहां जब करणी सेना के कार्यकर्ता पहुंचे तो वहां पुलिस ने सपा सांसद के घर का गेट बंद करा दिया. इसके बाद राणा सांगा को लेकर बयान से शुरू हुआ विवाद अब बढ़ने लगा है. वहीं बड़ी संख्या में करणी सेना के कार्यकर्ता सपा सांसद के आवास के बाहर मौजूद रहे और प्रदर्शन करते रहे. सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आवास पर जमा समर्थकों को पुलिस दारोगा ने नसीहत दी. वहीं सांसद के बेटे और समर्थकों से कहा कि गेट बंद कर यही रुके रहना, उनके साथ भीड़ बहुत है.राणा सांगा को सपा सांसद ने राज्यसभा में अपने बयान में गद्दार बता दिया था. इसके बाद से विवाद शुरू हुआ था. बैरिकेंडिंग को भी कार्यकर्ताओं ने तोड़ दिया और इस दौरान उनकी पुलिस के साथ झड़प हुई है. वहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की है.

## उत्तर प्रदेश स्थित संभल में ईद की नमाज के लिए पुलिस और प्रशासन ने तैयारी शुरू

उत्तर प्रदेश स्थित संभल में ईद की नमाज के लिए पुलिस और प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है. ईद की नमाज से पहले पुलिस की ओर से दो चीजों पर स्पष्ट पाबंदी के आदेश दिए गए हैं.संभल के एएसपी श्रीशचंद्र ने कहा कि ईद के दौरान संभल में सड़कों पर नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं. लाउडस्पीक की भी अनुमति नहीं दी जाएगी.पीस कमेटी की मीटिंग में पुलिस प्रशासन के निर्देश हैं कि ईद पर नमाज सड़कों पर नहीं होने दी जाएगी. कहा गया कि नमाज ईदगाह और मस्जिदों के अंदर परिसर में ही होगी. सड़कों पर या छतों पर किसी को नमाज नहीं पढ़ने दी जाएगी. नमाज परंपरागत रूप से  अदा की जाएगी. एसडीएम ने क्या कहा?वहीं एसडीएम वंदना मिश्रा ने कहा कि लोगों से त्योहारों पर आपसी सौहार्द के साथ ईद, नवरात्रि मनाने की अपील की गई है. उन्होंने कहा कि ईद की नमाज चबूतरों या सड़क पर नहीं होने दी जाएगी. ला. उडस्पीकर की इजाजत भी नहीं दी जाएगी.संभल के अलावा मेरठ में भी सड़क पर ईद की नमाज पर सख्त कार्रवाई होगी. एसपी सिटी ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है. वहीं संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त फोर्स तैनात, सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है. नमाजियों की निगरानी ब्ब्ट, ड्रोन और लोकल इंटेलिजेंस से होगी. जानकारी के मुताबिक मेरठ में पुलिस अधिकारी ने कहा कि सड़क पर नमाज पढ़ने पर पासपोर्ट और लाइसेंस जब्त होंगे.पुलिस ने अपील की है कि सड़कों पर नमाज न पढ़ें. बता दें  पिछले साल 200 लोगों पर आदेश न मानने की वजह से मुकदमा हुआ था

## कानपुर कमिश्नरेट के 4 साल पूरे होने कानपुर पहुंचे डीजीपी प्रशांत कुमार

सूबे की पुलिस के मुखिया डीजीपी प्रशांत कुमार सरकार के सफल आठ साल और यूपी पुलिस की कमिश्नरेट व्यवस्था को 4 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक साथ दो खुशियों को एक मंच पर साझा करने के लिए कानपुर पहुंचे. सरकार और कमिश्नरेट पुलिस की व्यवस्था की सफलता को लेकर सरकार के मंत्री, जनप्रतिनिधि और पुलिस ने एक साथ खुशी जाहिर की, जनता के बीच सरकार की उपलब्धियों को रखा गया. यूपी पुलिस की उपलब्धियां गिनाई गई, जनता से सलाह मांग कर व्यवस्थाओं में परिवर्तन का आश्वासन भी यूपी डीजीपी ने दिए.कानपुर के बृजेंद्र स्वरूप पार्क में स्थापित स्पोर्ट्स हब में सरकार के आठ साल और यूपी  पुलिस में कानपुर कमिश्नरेट व्यवस्था को चार साल पूरे होने की लिए प्रशांत कुमार ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर वर्तमान और भविष्य के लिए नई व्यवस्थाओं की उम्मीद जताई. इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारियों के साथ भविष्य के रोड मैप के लिए चर्चा भी की गई.इस कार्यक्रम में जनता के सवालों को लेकर प्रशांत कुमार ने संतुष्टि भरे जवाब भी दिए. भविष्य में कौन कौन सी समस्याएं आम जनता के लिए खड़ी हो सकती है, उनसे कैसे निपटना है, कैसे बढ़ते हुए अपराध से जागरूक रहकर खुद को बचाना है, पुलिस अपराधियों और अपराध को लेकर बेहद सजग है. हर कदम पर जनता की हिफाजत को लेकर मुस्तैद है. नए नए बढ़ते हुए अपराध की तकनीक को क्रैक करने के लिए तमाम तरीके के नए प्रशिक्षण भी लिए जा रहे हैं. जिसे पुलिसिंग और भी ज्यादा हाईटेक होगी. प्रशांत कुमार ने कहा कि अगर जनता की बेहतरी के लिए, कानून व्यवस्था को और भी ज्यादा अच्छा करने के लिए अगर किसी के पास कुछ सुझाव है तो वो हमें जरूर बताए. हम उस पर सोचेंगे और अमल में लाएंगे, क्योंकि हमारे देश और उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी जितनी सरकार और पुलिस की है, उतनी ही आपकी भी है. आप यहां के नागरिक हैं. ये देश और प्रदेश आपका भी है. इसकी बेहतरी के लिए अगर आप कुछ बेहतर सोच रखते हैं तो हमसे साझा कीजिए, यूपी पुलिस आपके लिए हमेशा तत्पर है.

वहीं इस कार्यक्रम में सरकार के मंत्री, जनप्रतिनिधियों और लोकल बॉडी के बीजेपी नेताओं भी शामिल हुए, दो कार्यक्रमों को एक मंच पर कर जनता को सरकार और पुलिस की व्यवस्थाओं के लिए आश्वस्त किया गया. जनता से मांगे गए सुझावों की प्रक्रिया में बहुत से लोगों ने अपनी अपनी राय रखी, जिससे कानून व्यवस्था और भी अच्छा बनाया जा सकता है और डीजीपी प्रशांत कुमार ने सभी की बातों को बहुत ध्यान से सुना और समझा भी, और उसने पूरे कार्यक्रम में संवाद भी करते रहें.

# मार्च में ही अप्रैल जैसी तेज धूप और गर्मी से लोग परेशान



हाथरस में मौसम परिवर्तन का असर लोगों के स्वास्थ्य पर साफ दिखाई दे रहा है। मार्च में ही अप्रैल जैसी तेज धूप और गर्मी से लोग परेशान हैं। जिला अस्पताल में प्रतिदिन 600 से अधिक मरीज बुखार, खांसी, जुकाम और सांस संबंधी समस्याओं के साथ पहुंच रहे हैं।सरकारी एमडीटीबी अस्पताल और निजी अस्पतालों में भी इन बीमारियों के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। एमडीटीबी अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर मणिक रस्तोगी के अनुसार, अधिकतर मरीज बुखार, खांसी और जुकाम की शिकायत लेकर आ रहे हैं। साथ ही सांस के रोगियों की संख्या में भी वृद्धि हुई है।तेज धूप और धूल से बचें डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि वे इस मौसम में धूप और धूल से बचें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही बरतने से गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। लोग अपनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। बीमार पड़ने पर योग्य चिकित्सक से ही अपना इलाज कराएं।

# नगर पंचायत और जिला पंचायत के बीच फंसा निर्माण, शासन को भेजा प्रस्ताव



सादाबाद तहसील के कस्बा सहपऊ में होलीगेट से मोरवन होते हुए मथुरा–एटा मुख्य मार्ग को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग पिछले 18 वर्षों से जर्जर स्थिति में है। मार्ग में जगह–जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। सड़क की सबसे निचली परत की गिट्टी और पत्थर भी बाहर निकल आए हैं।इस मार्ग पर चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो चुका है। केवल पैदल यात्री और दोपहिया वाहन ही गुजर पाते हैं। बाइक में अक्सर पंचर और टूट–फूट की समस्या होती रहती है।नगर पंचायत के सीमा विस्तार के बाद यह मार्ग उसके अधिकार क्षेत्र में आ गया है। पहले इसका निर्माण जिला पंचायत की निधि से हुआ था। अब दोनों विभागों के बीच उलझन के कारण मार्ग का निर्माण अटका हुआ है।इस मार्ग पर एक शादी गेस्ट हाउस, एक शीत गृह के अलावा कई धार्मिक स्थल हैं। मोरवन में प्रसिद्ध हनुमान मंदिर और मां कादराबाद का मंदिर स्थित है। जर्जर मार्ग के कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।आगामी चौत्र नवरात्रि में बड़ी संख्या में श्रद्धालु नंगे पैर पैदल मंदिर दर्शन के लिए आते हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि उन्हा. ने कई बार अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि मार्ग निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। मंजूरी मिलने के बाद ही काम शुरू हो सकेगा।

# हाथरस में तीन साल का बकाया मानदेय और EPF भुगतान जल्द करने की मांग

हाथरस में लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में जनपद की प्रभारी मंत्री बेबी रानी मौर्य और सदर विधायक अंजुला माहौर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन सौंपा गया।मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री की 4 अक्टूबर 2021 को लखनऊ एक्सपो मैदान में की गई घोषणाओं को लागू करने की मांग की है। इनमें मानवाधिकार नीति, म्न्थ कटौती, ग्राम विकास विभाग के अन्य कार्य जोड़े जाने और संविदा कर्मियों का समायोजन शामिल है।मनरेगा कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष राहुल कौशिक ने वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24 और 2024–25 का बकाया मानदेय व म्न्थ का तत्काल भुगतान करने की मांग की। ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश बाबू ने बताया कि समय पर मानदेय नहीं मिलने से कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। वे अपने बच्चों की स्कूल फीस भी समय पर नहीं भर पा रहे हैं।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविकांत शर्मा ने किया। इस अवसर पर जितेंद्र दीक्षित, किशन कुमार, मनोज कुमार, विनोद चौधरी समेत सैकड़ों मनरेगा कर्मी मौजूद रहे।

# हाथरस में एक युवक ने अल्ट्रासाउंड सेंटर और प्राइवेट अस्पताल पर गंभीर आरोप लगाए

हाथरस में एक युवक ने अल्ट्रासाउंड सेंटर और प्राइवेट अस्पताल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवक ने सीएमओ को शिकायत में बताया कि दोनों ने मिलकर उससे 70 हजार रुपए की ठगी की है। चौकड़ा थाना मुरसान निवासी चुका रावत की 2 मार्च की रात अचानक तबीयत बिगड़ी। परिजन उसे अलीगढ़ रोड स्थित रूहेरी के पास एक अस्पताल ले गए।वहां डॉक्टर ने मरीज को भर्ती कर सासनी गेट स्थित एक अल्ट्रासाउंड सेंटर भेजा। अल्ट्रासाउंड सेंटर ने रिपोर्ट में अपेंडिक्स की नस बढ़ने की बात कही। अस्पताल के डॉक्टर ने 30 हजार रुपए में ऑपरेशन की बात कही।खून की जांच के बाद डॉक्टर ने मरीज को आगरा रेफर कर दिया। आगरा के अस्पताल में जांच में अपेंडिक्स की समस्या नहीं निकली। डॉक्टरों ने मामूली इन्फेक्शन बताया। वापस हाथरस आकर जब युवक ने अपने पैसे मांगे तो डॉक्टर ने उसे भगा दिया।पीड़ित का आरोप है कि दोनों डॉक्टरों ने मिलकर उससे 70 हजार रुपए ठग लिए। इसके अलावा जांच और आगरा जाने में भी हजारों रुपए खर्च हुए। युवक ने सीएमओ से दोनों डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई और पैसे वापसी की मांग की है।

# हाथरस के सादाबाद में भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया



हाथरस के सादाबाद में भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम तीन स्थानों पर हुआ – सादाबाद तहसील के ब्लॉक सहपऊ, सादाबाद ब्लॉक और सादाबाद नगर पंचायत में।सादाबाद विकासखंड में डॉ. रीना चौधरी ने ब्लॉक प्रमुख के रूप में अध्यक्षता की। नगर पंचायत में हेमलता अग्रवाल और सहपऊ में जिला सहकारी बैंक की डायरेक्टर डॉ. हेमलता चौधरी ने कार्यक्रम की अगुआई की।कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सहायक, पंचायत सचिव और सरकारी सफाई कर्मी सहित विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं शामिल हुईं। महिलाओं ने मंच से अपनी समस्याएं साझा कीं। बच्चियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।महिला पुलिस और वन विभाग की पुलिस ने महिलाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्हें शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में पौधरोपण भी किया गया।क्षेत्रीय विधायक प्रदीप कुमार सिंह (गुड्डू चौधरी) ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बीडीओ सुरेश कुमार सिंह, अनुज मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख चौधरी रामकिशन सिंह, एडीओ पंचायत अनिल कुमार उपाध्याय और एडीओ आईएसबी दुर्जेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# हाथरस के सादाबाद कोतवाली क्षेत्र के बिसावर में एक दर्दनाक घटना सामने आई





हाथरस के सादाबाद कोतवाली क्षेत्र के बिसावर में एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां सात साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया। पुलिस ने इस मामले में तेजी दिखाते हुए मात्र 10 दिन में 198 पेज की चार्जशीट तैयार कर अदालत में पेश कर दी।घटना 15 मार्च की रात की है। बच्ची जब दुकान से सामान लेने गई थी, तब पड़ोसी गांव नगला छत्ती का अमन खान उसे बहला–फुसलाकर जंगल की तरफ ले गया। वहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने बच्ची को जमीन पर पटका, जिससे उसका दांत टूट गया। इसके बाद उसे पोखर के किनारे छोड़कर फरार हो गया।पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल के बाद जब पुलिस उसे कोर्ट ले जा रही थी, तब रास्ते में अमन ने दरोगा की पिस्टल छीनने का प्रयास किया। पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जो उसके पैर में लगी। अभी आरोपी जेल में है।पुलिस ने चार्जशीट में 25 गवाह बनाए हैं। आरोपी पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2), 115(2), 65(2), 5एम और पो. क्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता के पिता ने आरोपी के लिए मौत की सजा की मांग की है।पुलिस का मानना है कि फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला चलाकर आरोपी को जल्द से जल्द सजा दिलाई जाएगी।सीओ सादाबाद हिमांशु मा. थुर ने बताया कि पुलिस ने गुणवत्तापूर्ण विवेचना की है। वैज्ञानिक साक्ष्य मेडिकल रिपोर्ट ,भौतिक एवं मौखिक साक्ष्यों का संकलन किया है और आरोपी अमन खां का पुत्र चांद खां के विरुद्ध नौ दिन में ही न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी है।

# हाथरस में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी

हाथरस में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। युवक नशे का आदी बताया जा रहा है। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला और पुलिस को जानक. ारी दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी तमना निवासी 27 वर्षीय विपिन चौधरी ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। विपिन पुत्र किशन चौधरी प्राइवेट नौकरी करता था। विपिन नशे का आदी था। होली के बाद उसने अपनी नौकरी छोड़ दी थी। इसके बाद से वह ज्यादा नशा करने लगा था।युवक की नहीं हुई थी शादी परिवार के लोग इस बात को लेकर उसे समझाते थे। आज विपिन ने घर के एक कमरे में खुद को बंद कर लिया। उसने वहां फांसी लगा ली। परिवार के लोगों ने जब यह देखा तो तुरंत कमरे का दरवाजा तोड़ा। साथ ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विपिन की शादी नहीं हुई थी। उसकी मौत से परिवार में मातम छा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रोफेसर के साथ पूर्व जांच समिति भी आ सकती है कटघरे में



हाथरस के पीसी बागला डिग्री कॉलेज में छात्राओं के यौन शोषण मामले में डीएम द्वारा गठित की गई चार सदस्यीय समिति ने सभी बिंदुओं पर जांच पूरी कर ली है और जल्द रिपोर्ट डीएम को सौंपी जाएगी। समिति की रिपोर्ट के बाद प्रो. रजनीश कुमार की मुश्किलें और बढ़ने वाली हैं। इस प्रकरण में महाविद्यालय प्रबंधन को पूर्व में हुई शिकायत की जांच करने वाली समिति भी कठघरे में है।जांच समिति ने उन लोगों को भी जिम्मेदार माना है, जिन्होंने छात्राओं के यौन शोषण की शिकायत पर चुप्पी साध ली और प्रकरण पर लीपापोती कर दी। यह भी अब इस प्रकरण में फंस सकते हैं और इन पर भी कार्रवाई की गाज गिर सकती है।प्रोफेसर द्वारा छात्राओं के यौन शोषण किए जाने की शिकायत डीएम राहुल पांडेय को भी प्राप्त हुई थी। इसके बाद डीएम ने एसडीएम सदर नीरज शर्मा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति गठित की थी। समिति ने पीसी बागला महाविद्यालय पहुंचकर प्राचार्य, प्रोफेसर, स्टाफ और छात्राओं के बयान दर्ज किए थे।कई बिंदुओं पर पूछताछ की थी। पूर्व में हुई शिकायत की जिस तीन सदस्यीय समिति जांच की थी, उसके निष्कर्ष और पूरी रिपोर्ट को भी तलब किया था। शिकायत पर कार्रवाई नहीं करने और प्रकरण को दबाने की कोशिशों को जांच रिपोर्ट की आख्या का हिस्सा बनाया गया है। इस रिपोर्ट के बाद प्रोफेसर रजनीश के साथ उसे बचाने वाले प्रोफेसर व महाविद्यालय प्रबंध तंत्र के पदाधिकारी भी फंस सकते हैं। एसडीएम नीरज शर्मा ने बताया कि जल्द ही जांच रिपोर्ट सौंप दी जाएगी।




**पीड़ित ध्यान दें**

यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं

यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।

इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने आवश्यक है।इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

मो. 8218049162

email: jannayaksamrataligarh@gmail.com

jnsnews24aligarh@gmail.com

# सीएम ग्रिड-खैर रोड सड़क निर्माण में लापरवाही पर भड़के नगर आयुक्त- एग्जीक्यूटिव इंजीनियर और सहायक अभियंता को पड़ी फटकार-दी चेतावनी

अलीगढ़ नगर निगम : सीएम ग्रिड–खैर रोड सड़क निर्माण में लापरवाही पर भड़के नगर आयुक्त– एग्जीक्यूटिव इंजीनियर और सहायक अभियंता को पड़ी फटकार–दी चेतावनीसुबह सुबह बड़ी कार्यवाई–लाप. रवाही पड़ी भारी–कार्यदाही फर्म पी0पी0एस0 पर 10.00 लाख का नगर आयुक्त ने लगाया जुर्मानासुबह–सुबह औचक निरीक्षण से सीएम ग्रिड ठेकेदार और अधिकारियों में मची खलबली– आनन फानन में सीएम ग्रिड खैर रोड सड़क की कमियों को नगर आयुक्त के सामने छुपाने में जुटेनगर आयुक्त की दो टूक चेतावनी सीएम ग्रिड निर्माण में निकलने वाली पुरानी एक एक इंटरलॉकिंग ब्रिक्स का रखना होगा हिसाब किताब करना होगा जमा नगर निगम स्टोर में– लापरवाही बरतने पर सीधे होगी विभागीय कार्यवाईरू–नगर आयुक्त विनोद कुमार मुख्यमंत्री–ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) (सी. एम. ग्रिड्स) योजनान्तर्गत अलीगढ़ नगर निगम द्वारा पैकेज 2 अंतर्गत लगभग 29 करोड़ 58 लाख की लागत से वार्ड 11, 15 व 34 में खैर रोड स्थित हीरा लाल की पुलिया से नादा पुल चौराहा तक 2.56 मीटर लंबी सड़क के हो रहे निर्माण कार्य को बुधवार तड़के सवेरे नगर आयुक्त ने लोअर टी–शर्ट में पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। नगर आयुक्त के अचानक खैर रोड



पर पहुंचने पर आनन फानन में ठेकेदार संबंधित कार्यदाही फर्म पी0पी0एस0 के इंजीनियर स्टाफ व नगर निगम के अधिशासी अभियंता बिजेंद्र पाल व सहायक अभियंता राजवीर सिंह पहुँचे। मौके पर निर्माण कार्य में निकलने वाली ईटों के हिसाब किताब जमा नहीं होने पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए सहायक अभियंता राजवीर सिंह को दो टूक शब्दों में चेतावनी दी और कहा सीएम ग्रिड से निकलने वाली हर एक ईंट का हिसाब किताब रखा जाए और स्टोर में जमा किया जाए। मौके पर नगर आयुक्त ने भविष्य में खैर रोड से जल भराव को खत्म करने के उद्देश्य से लाल ब्रिक्स से बने इस नाले को पूरी तरह से आरसीसी से बनाने के लिए कहा उन्होंने नाले की चौड़ाई को किसी भी दशा में कम नहीं करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में नगर आयुक्त को आरसीसी सड़क निर्माण से पूर्व पेस्ट सीमेंट कंक्रीट(च्ब्ब्) जगह जगह खड़ी हुई मिली जिस पर भी उन्होंने नाराजगी जताई इसकी तराई भी सही तरीके से नहीं हो रही थी जिस पर अधिशासी अभियंता निर्माण विजेंद्र पाल से लापरवाही की वजह पूछी निरीक्षण में नगर आयुक्त ने फर्म पी0पी0एस0 पर 10.00 लाख का जुर्माना लागये जाने के निर्देश दिए।नगर आयुक्त विनोद कुमार ने कहा माननीय मुख्यमंत्री महोदय की सर्वोच्च प्राथमिकता (सी.एम. ग्रिड्स) परियोजना में लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी मानक, गुणवत्ता,समय सीमा, निर्माण सामग्री को पैनी व तकनीकी नजर से देखा जा रहा है और कमिया जिसके स्तर पर भी मिलती है उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई भी की जाएगीपनिरीक्षण में नगर आयुक्त के साथ मुख्य अभियंता सुरेश चंद स्टेनो देश दीपक साथ थे।

## नगर आयुक्त का वादा–मुकदस रमजान के अलविदा जुमा पर होंगे चाक चौबंद इन्तिजाम–अकीदतमंदों के लिए मस्जिदों के बाहर लगेंगे पानी के टैंकर

जुमा अलविदा पर होंगे पुख्ता और बेहतर इंतिजाम– नगर निगम ने बनाए 4 सेक्टर–छोटी बड़ी मस्जिदों के आस पास इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से होगी निगरानी–नमाज के इंतजामों पर होगी इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की नजरपशुपालकों को चेतावनी–अप्रिय घटना पशुओं के कारण होने पर होगी एफआ. ईआर–नमाज पूर्ण होने तक आवारा पशुओं का विचरण रहेगा प्रतिबंधितमुकद्दस रमजान के आखिरी जुमे को पढ़े जाने वाली परंपरागत अलविदा जुमा की नमाज के लिए नगर आयुक्त ने अपने सभी अधीनस्थों को मुस्तैद करते हुए जामा मस्जिदों और ईदगाह में पढ़ी जाने वाली नमाज की निगरानी व व्यवस्थाओं पर इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से नजर बनाये रखने का निर्णय लिया है।अलविदा जुमे की नमाज की व्यवस्थाओं को बेहतरीन तरीके से कराने के लिए नगर आयुक्त विनोद कुमार ने अधीनस्थों को पूरी तरह मुस्तैद रहने की हिदायत जारी करते हुए नमाज के लिए नगर निगम में 4 सेक्टर बनाते हुए सभी इंतजाम नमाज से पहले कराने के लिए 35 अधिकारी 520 सफाई व 30 त्वरित एक्शन टीमे तैनात की है।नगर आयुक्त ने बताया जुमा अलविदा पर साफ–सफाई पेयजल और लाइट की चाक–चौबंद व्यवस्था कराने के लिए नगर निगम ने व्यवस्थाओं को चौलेंज के रूप में लिया है सभी मुस्लिम क्षेत्रों में अभियान चलाकर आवारा पशुओं की रोकथाम फा. गिंग धार्मिक स्थलों पर साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। नगर आयुक्त विनोद कुमार ने बताया कि जुमा अलविदा व ईद उल फितर पर नगर निगम द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं के लिए कुल 4 सेक्टर बनाए हैंअपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया सर्किल –01 ऊपरकोट के सेक्टर प्रभारी अमित कुमार उप नगर आयुक्त उनकी सहयोगी टीम कर अधीक्षक विशाल सिंह जेडएसओ रामानंद त्यागी सहायक अभियंता जल पुष्पेंद्र सिंह अवर अभियंता जगवीर सिंह एसएफआई विशन सिंह अनिल सिंह आरआई उपेंद्र वर्मा पेयजल प्रभारी विष्णु कुमार पथ प्रकाश से शिवांशु हा. ेंगे।सर्किल–02 सब्जी मंडी क्षेत्र के सेक्टर प्रभारी वीर सिंह सहायक नगर आयुक्त उनकी सहयोगी टीम कर अधीक्षक बेचन प्रसाद सहायक अभियन्ता राजवीर सिंह अवर अभियंता जल नरेंद्र सिंह अवर अभियंता जगवीर सिंह जैडएसओ दलवीर सिंह एसएफआई रामजीलाल पेयजल प्रभारी दिव्याशु पथ प्रकाश से मोहन सक्स. ेना होंगे सर्किल–03 जमालपुर ईदगाह क्षेत्र के सेक्टर प्रभारी बिजेंद्र पाल अधिशासी अभियंता उनकी सहयोगी टीम कर अधीक्षक आरके कमल पशु कल्याण अधिकारी डॉक्टर राजेश वर्मा अवर अभियंता निर्माण संजय कुमार आरआई मानवेंद्र सिंह बघेल एसएफआई प्रदीप पॉल पाठ प्रकाश से विजय कुमार होंगे सर्किल–04 के सेक्टर प्रभारी आरपी सिंह कर निर्धारण अधिकारी उनकी सहयोगी टीम अवर अभियंता अमित कुमार एसएफआई योगेंद्र यादव खचेद्र सिंह सेनेटरी सुपरवाइजर विष्णु गोपाल पेयजल प्रभारी वशिष्ठ मौर्य जिम्मेदारी दी है नगर आयुक्त ने कहा परंपरागत नमाज को देखते हुए सभी सेक्टर में सड़कों पर आवारा पशुओं का विचरण पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा यदि किसी पशुपालक का पशु सड़क पर घूमता हुआ पाया जाता है तो संबंधित पशुपालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करायी जाएगी

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। डीएम ने कहा कि सभी को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक का संचालन करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नीरज त्यागी ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में जिला प्रदेश में 14वें स्थान पर है, वहीं एनसीडी स्क्रीनिंग में प्रदेश में दूसरा स्थान रखता है।डीएचएस की बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि भुगतान के सभी प्रकरण निस्तारित किया जाए। किसी भी कर्मचारी का मानदेय लंबित न रखा जाए। इससे कार्य क्षमता प्रभावित होती है। ग्राम स्वच. छता एवं पोषण समिति में खाता न खुलवाए जाने पर डीपीआरओ को डीएम–सीडीओ के गुस्से का कोप भाजन बनना पड़ा। सीडीओ ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि स्वास्थ्य एवं विकास के बिंदु पर बहाने बाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, यदि कहीं कोई व्यवधान या समस्या है तो अधिकारी तत्काल अवगत कराएं निराकरण किया जाएगा।डीएम ने सीएमओ एवं सीएमएस को निर्देशित किया कि चिकित. सालय में पंजीकरण काउंटर पर मरीज पंजीकरण शुल्क के बारे में स्पष्ट निर्देश अंकित कर दिए जाएं। आशा स्वास्थ्य महकमे की महत्वपूर्ण कड़ी होती है, ग्राम प्रधानों के सहयोग से आशाओं के पदों को तत्काल भरने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि गर्भवती महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों के स्वास्थ्य जांच के संबंध में जो भी उपकरण हैं उनके उचित रख–रखाव के साथ ही आवश्यकता के अनुरूप उपकरणों की तत्काल खरीद की जाए। बैठक में इनडोर पेशेंट, संस्थागत प्रसव और नियमित टीकाकरण की संख्या में कमी आने वाले एमओआईसी को कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। डीएम ने सभी आशाओं को प्रत्येक माह में 10 संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित टीकाकरण और संस्थागत प्रसव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने में चंद दिन ही शेष है, सभी अधिकारी कर्मचारी नए वर्ष के लिए स्ट्रेटजी बनाएं और नए उत्साह एवं पूर्ण मनोयोग के साथ कार्य कर लक्ष्य की पूर्ति के साथ जिले का नाम रोशन करें, जो भी धनराशि उपलब्ध है उसका समुचित सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए।

## अलीगढ़ मेयर प्रशांत सिंधल की हार्डवेयर फैक्ट्री में लगी भीषण आग

अलीगढ़ के बन्नादेवी थाना क्षेत्र के बरौला में बुधवार को मेयर प्रशांत सिंघल की हा. र्डवेयर फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया फैक्ट्री में अफरा–तफरी मच गई। लोगों ने इसकी जानकारी तत्काल फायर ब्रिगेड को दी।फैक्ट्री में आग लगने से यहां रखे गत्ते और दूसरे सामान जलने लगे और भीषण धुआं उठने लगा। वहीं बन्नादेवी फायर स्टेशन से दमकल की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने चारो ओर से आग बुझानी शुरू की और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।बताया जा रहा है कि आग के कारण काफी नुकसान हुआ है और लाखों रुपए का माल जलकर खाक हो गया है। आग बुझने के बाद फैक्ट्री के कर्मचारी अंदर रखी हुई चीजों को सुरक्षित करने में जुटे हैं और आग लगने के सही कारणों की जांच की जा रही है। जिससे लापरवाही का पता लगाया जा सके।वहीं दूसरी ओर कंपनी में काम करने वाले वर्कर भी आग बुझाने में जुट गए। मामले की जानकारी मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। वहीं प्रारंभिक जांच में शार्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है।प्रशांत इंटरप्राइजेस में आग की सूचना मिलने पर मेयर प्रशांत सिंघल भी तत्काल मौके पर पहुंच गए। तब तक दमकल कर्मी आग पर काबू पा चुके थे। जिसके बाद मेयर ने टेक्निकल स्टाफ को अधिकारियों के साथ मिलकर



आग लगने के कारणों का पता करने के निर्देश दिए।मेयर प्रशांत सिंघल ने बताया कि फैक्ट्री में आग बुझाने के पर्याप्त उपकरण थे, इसलिए कर्मचारियों ने तत्काल आग बुझानी शुरू कर दी थी। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझा दी, जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि अभी नुकसान का अनुमान नहीं है, इसका आंकलन करने के बाद ही नुकसान की सही जानकारी हो पाएगी।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संक्रामक रोग नियंत्रण पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगर निकाय के अधिकारी, स्वास्थ, शिक्षा, पंचायत राज, जल निगम, नगर विकास एवं अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उप. स्थित रहे।बैठक में जिलाधिकारी ने मौसमी बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, टाइफाइड और अन्य संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए व्यापक रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वच्छता अभियान को तेज करें, जलभराव वाले क्षेत्रों में दवा का छिड़काव करें तथा लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचारप्रसार अभियान चलाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 नीरज त्यागी ने बैठक में बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुखार, डेंगू, मलेरिया से ग्रसित मरीजों की पहचान और इलाज के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। साथ ही, सरकारी अस्पतालों में आवश्यक दवाओं और जांच सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। डीएम ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि स्कूलों में स्वच्छता संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और विद्यार्थियों को स्वच्छता व रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी दी जाए। नगर निकाय को निद. ेशित किया गया कि सभी शहरी क्षेत्रों में साफसफाई और फॉगिंग अभियान को नियमित रूप से चलाया जाए। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे अपने घरों और आसपास पानी न जमा होने दें, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें और संक्रामक रोगों के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवाएं। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि जिले में संक्रामक रोगों को फैलने से रोका जा सके और आमजन का स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके।

## माननीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड ने उद्यमियों के साथ की बैठक

अलीगढ़ उत्तर प्रदेश की सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन नीति के उत्कृष्ट 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर माननीय दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड श्री राकेश गर्ग की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में विभिन्न औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं उद्यमियों के साथ बैठक आहूत की गई। औद्योगिक संगठनों द्वारा मा0 मंत्री जी का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार ने बैठक का संचालन करते हुए मुख्य अतिथि एवं उद्यमियों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार उद्यमियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है, उनकी समस्याओं का हर संभव निदान किया जाएगाबैठक में उद्यमियों ने प्रमुख रूप से बिजली का मुद्दा उठाया। उद्यमियों ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या को जड़ से समाप्त करने के साथ बिना सूचना के क्षेत्रों में विद्युत कटौती किए जाने की समस्या रखी। उद्यमियों ने कहा कि गांधी पार्क, शक्ति नगर, गूलर रोड, स्वर्ण जयंती नगर, सासनी गेट, अतरौली एवं ताला नगरी में बिजली की ट्रिपिंग की समस्या प्रमुख है। बैठक में इंडस्ट्रियल एरिया में पार्क फेसिंग, कॉर्नर भूखंड पर अधिक स्टैंप ड्यूटी लिए जाने का भी मुद्दा उठाया गया। बिजली की समस्या पर विभाग द्वारा बताया




गया कि जगह–जगह होने वाली मरम्मत एवं नवीन कार्यों के चलते शट डाउन लेना पड़ता है। जिस पर मंत्री जी ने निर्देशित किया कि बिजली कटौती की सूचना विभिन्न प्रकार के प्लेटफार्म के माध्यमों से पहले से ही दे दी जाए। विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों को भी व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सूचित कर दिया जाना उचित होगा। मा0 मंत्री जी ने कहा कि सभी मानते हैं कि विद्युत क्षेत्र में काफी सुधार हुआ है परंतु अभी काफी सुधार की आवश्यकता है। अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम राकेश गर्ग ने नियमित रूप से जिला उद्योग बंधु एवं मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक आहूत किए जाने की पर सराहना की। उन्होंने कहा कि कृषि से खुशहाली आ सकती है परंतु समृद्धि इंडस्ट्री से ही आएगी। नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ के बाद अलीगढ़ हर दृष्टि से काफी तरक्की कर रहा है। योगी सरकार में उद्यमियों को नए–नए अवसर मिल रहे हैं। नई–नई इकाइयां लग रही है। पूर्व स्थापित इकाइयों का विस्तार हो रहा है। कानून व्यवस्था सुधरी है। उद्यमियों के मन में असुरक्षा की भावना समाप्त हुई है। बैठक की उपरांत विभिन्न उद्यम संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा अध्यक्ष लघु उद्योग निगम को अपने मांग पत्र भी सौंप गए। इस अवसर पर प्रदेश के संयुक्त महामंत्री लघु उद्योग भारती गौरव मित्तल समेत अन्य उद्यमी, एसपी ट्रैफिक मुकेश उत्तम व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### अध्यक्ष जिला पंचायत ने मण्डलीय किसान मेला एवं कृषि ज्ञान संगोष्ठी में कृषि विकास से जुड़ी योजनाओं की दी जानकारी

अलीगढ़ प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत एक दिवसीय किसान मेला एवं कृषि ज्ञान संगोष्ठी का आयोजन क्वार्सी कृषि परिसर में मुख्य अतिथि मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह की अध्यक्षता में किया गयाएक दिवसीय मण्डलीय मेले में अलीगढ़, हाथरस, एटा एवं कासगंज के कृषकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती विजय सिंह ने मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा देश में संचालित योजनाओं के माध्यम से कृषकों एवं महिला कृषकों को कृषि के बारे में जानकारी दी गयी। डॉ० केडी दीक्षित ने मृदा स्वास्थ्य के बारे में एवं मृदा में जीवाश्म कार्बन की मात्रा को बढ़ाए जाने के बारे में



जानकारी दी। डॉ० नेत्रपाल मलिक ने खरीफ एवं रबी की विभिन्न फसलों में उत्पादन बढाए जाने की सम्पूर्ण जानकारी दी। उप निदेशक उद्यान ने औद्यानिक फसलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

**हाईस्कूल परीक्षा सन 2004 अनुक्रमांक 0254613, इंटरमीडिएट सन 2010 अनुक्रमांक 0170693 अनुक्रमांक प्रमाण पत्र वास्तव में खो गये हैं। सतेयन्द्र सिंह यादव पुत्र श्री जयवीर सिंह यादव जिला अलीगढ़**

# श्रद्धा कपूर स्कूल के दिनों में लगती थीं ऐसी, अनसीन

एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने अपने टैलेंट और खू. बसूरती से फैंस को दीवाना बना दिया है. आज वो इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस की लिस्ट में शुमार हैं. श्रद्धा कपूर अपनी ग्लैमरस फोटोज से लाइमलाइट लूटती हैं. इन दिनों उनकी स्कूल फोटो वायरल हो रही है. इस फोटो में वो बहुत क्यूट लग रही हैं. फोटो देखने के बाद फैंस का कहना है कि श्रद्धा कपूर की एज बढ़ ही नहीं रही है. वो स्कूल के दिनों में जैसी लगती थीं वैसी ही अभी लग रही हैं.श्रद्धा कपूर की वायरल फोटो वायरल फोटो में श्रद्धा कपूर को स्कूल यूनिफॉर्म में देखा जा सकता है. उन्होंने गले में एक पेंडेंट पहना है और मिडिल पार्टेड हेयरस्टाइल बनाई हुई है. फोटो देखकर फैंस का कहना है कि ये शायद उनके फेयरवेल की फोटो है. क्योंकि उनकी शर्ट और चेहरे पर मार्कर के निशान दिख रहे हैं. श्रद्धा के चेहरे पर एक बड़ी सी मुस्कान देखने को मिल रही है. श्रद्धा की खूबसूरती और ग्लो को देख फैंस



काफी खुश नजर आए. इसके अलावा श्रद्धा की एक और फोटो सामने आई है. इस फोटो में वो बिना मेकअप स्माइल करती दिख रही हैं. उन्होंने इस फोटो में भी मिडिल पार्टेड हेयरस्टाइल बनाई है. वर्क फ्रंट पर श्रद्धा कपूर को 2024 में फिल्म स्त्री 2 में देखा गया था. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तूफान ला दिया था. फिल्म ने जबरदस्त बॉक्स ऑफिस कले. क्शन किया था. अब श्रद्धा कपूर के हाथ में कई फिल्में हैं. वो नागिन में नजर आएंगी. इसके अलावा वो स्त्री 3 में भी नजर आएंगी.वहीं पर्सनल लाइफ की बात करें तो खबरें हैं कि श्रद्धा कपूर राहुल मोदी को डेट कर रही हैं. उन्हें साथ स्पॉट भी किया गया. दोनों ने इस रिश्ते को लेकर कुछ भी रिएक्ट नहीं किया है.

## घुटने छिल गए थे, निकलने लगा था खूनश, जब मां बबीता की जिद की वजह से करिश्मा कपूर को लगी थी चोट

करिश्मा कपूर 90 के दशक की टॉप एक्ट्रेस थीं. उन्होंने अपने करियर में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं और अपनी दमदार एक्टिंग की वजह से लोगों के दिलों पर राज किया. हाल ही में एक इंटरव्यू में फेमस कोरियोग्राफर गणेश आचार्य ने गो. विंदा के साथ आइकॉनिक सॉन्ग गोरिया चुरा ना में करिश्मा कपूर के काम करने पर बात की और चौंकाने वाला खुलासा भी किया.पिंकविला को दिए इंटरव्यू में कोरियोग्राफर गणेश आचार्य ने बताया कि करिश्मा की मां बबीता कपूर ने गाने की शूटिंग के दौरान एक अहम भूमिका निभाई थी. उन्होंने कहा, ष्हां, हां, वो घुटने का मूवमेंट. इसमें बबीता जी का बड़ा हाथ था. ष उन्होंने बताया कि बबीता कपूर ने करिश्मा को एक डांस मूव करने के लिए इंस्पायर किया था जो शुरुआत में केवल गोविंदा के लिए था. उन्होंने कहा, वह

मोमेंट गोविंदा जी का सोलो माना जाता था, लेकिन बबीता जी ने इंटरफेयर करते हुए कहा, श्वह इसे अकेले क्यों कर रहे हैं?श मैंने समझाया, श्करिश्मा ने शॉर्ट्स पहना है, यह एक घुटने का मूवमेंट है.श उन्होंने जोर देकर कहा, श्वह यह करेगी. उसे दिखाओ, उससे यह कराओ.श्श हालांकि दुर्भाग्य से, डांस मूव की वजह से करिश्मा को दर्दनाक चोट लग गई थी. जिससे सेट पर हर कोई परेशान हो गया था.आचार्य ने बताया कि शूटिंग के दौरान उनके घुटने छिल गए थे, उन्होंने कहा, ष्मैं इतना डर गया था कि मैंने अपने असिस्टेंट को ये स्टेप दिखाने को कहा और बेचारी करिश्मा मना नहीं कर सकीं. उन्होंने वही शॉर्ट्स पहनकर ऐसा किया, और गाने के बाद, आप देख सकते हैं कि उनके घुटने छिल गए थे. गोविंदा जी ने अपने पैंट के नीचे घुटने के पैड लगाए थे, लेकिन करिश्मा के पास कोई सेफ्टी नहीं थी.ष उन्होंने आगे कहा, यही कारण है कि करिश्मा कपूर आज वह हैं. उन्होंने अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत की और उनकी मां बबीता जी ने उनके और करीना दोनों के करियर में बहुत बड़ी भूमिका निभाई.ष्बता दें कि गोरिया चुरा ना मेरा जिया आज भी बॉलीवुड के सबसे आइकॉनिक गानों में से एक माना जाता है. ये गाना1995 की फिल्म कुली नंबर 1 का था, जिसमें करिश्मा कपूर और गोविंदा ने लीड रोल प्ले किया था.

# नशे में धुत्त महेश भट्ट को घर छोड़ने पहुंचे थे सलमान–अरबाज

महेश भट्ट बॉलीवुड के टॉप फिल्म मेकर रहे हैं. उन्होंने कई शानदार फिल्में बनाई और कई स्टार्स के करियर को ऊंचाई पर पहुंचाया. उन्होंने श्अर्थश, श्सड़कश, श्जख्मश जैसी कई जबरदस्त फिल्में बनाई हैं. वहीं महेश भट्ट कभी शराब के आदी थे. फिल्म निर्माता का सफर शराब की लत से जुड़ा था, लेकिन जब उनकी बेटी शाहीन का जन्म हुआ तो उन्होंने शराब छोड़ दी थी. लेकिन एक बार नशे में धुत्त महेश भट्ट को सलमान और अरबाज ने घर छोड़ा था. चलिए ये किस्सा जानते हैं.नशे में धुत्त महेश भट्ट को सलमान–अरबाज में छोड़ा था घरदरअसल श्द इनविंसिबल्सश पर एक एपिसोड के दौरान, अरबाज खान ने महेश भट्ट को बताया था कि एक बार सलीम खान ने उनसे और सलमान खान से भट्ट को घर छोड़ने के लिए कहा था क्योंकि वह नशे में थे. अरबाज ने कहा, ष्आप बहुत नशे में थे लेकिन पिताजी ने कहा कि उन्हें घर जाना है. हमने आपको कैब में घर ले जाने की कोशिश की. आप भूल गए कि आप कहां रहते थे. हम शर्मिंदा थे लेकिन हंस भी रहे थे. आपने उसके बाद 360



ट्रांजिशन किया है.नशे की वजह से फुटपाथ पर ही सो गए थेमहेश भट्टइस पर रिएक्शन देते हुए महेश भट्ट ने खुलासा किया कि एक बार उन्होंने खुदको फुटपाथ पर सोते हुए पाया था. उन्होंने बताया, ष्एक दिन, मैं उठा और मैंने खुद को जेवीपीडी योजना के फुटपाथ पर सोता हुआ पाया. मुझे याद है कि मेरा चेहरा कंक्रीट पर था, और सुबह होने ही वाली थी. मुझे एहसास हुआ कि मैं किसी पार्टी के लिए गया था और मैं सड़क पर गिर गया था और वहीं सो गया. मुझे याद है कि मैं अपने घर तक जा रहा था. मैं रह रहा था. मुझे नहीं पता, मैं शराबी बन गया हूं.कैसे छूटी महेश भट्ट की शराब की लतउन्होंने आगे कहा, ष्और फिर एक चमत्कार हुआ. मेरा पहला बच्चा सोनी से शाहीन पैदा हुई. जब मैं अस्पताल आया, तो मैंने शाहीन को अपनी बाहों में पकड़ रखा था और मैं उसे चूमने गया, मुझे ऐसा लगा जैसे वह दूर चली गई तो. वह शराब के स्मेल को सहन नहीं कर सकती थी. वह ऐसा नहीं कर सकती थी, वह एक बेबी थी, लेकिन मैंने यही अनुमान लगाया और ये काम कर गया."

# सोनू सूद की बीवी ही नहीं, हादसे में साली और भांजा भी हुए थे जख्मी




सोनू सूद की वाइफ सोनाली सूद बीते दिन एक सड़क हादसे में घायल हो गई थीं. अब जानकारी सामने आई है कि सोनाली के साथ–साथ उनकी बहन और भांजा भी इस हादसे में जख्मी हुए थे. जहां पहले हॉस्पिटल ने एक स्टेटमेंट जारी करते हुए तीनों की हेल्थ अपेडट दिया था वहीं अब सोनू सूद ने भी उनकी तबीयत के बारे में फैंस को बताया है.सोनाली सूद अपनी बहन और भांजे के साथ नागपुर एयरपोर्ट से बायरमजी टाउन जा रही थीं. इसी दौरान उनकी गाड़ी एक ट्रक से टकरा गई जिसमें वे लोग घायल हो गए थे. उन्हें नागपुर के एक हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था. अब सोनू सूद ने उका हेल्थ अपडेट देते हुए कहा है कि वो अब रिकलर कर रहे हैं.सोनू सूद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा– श्दुआ में बड़ी ताकत होती है और हमने इसे एक बार फिर महसूस किया है. आप सभी की प्रार्थनाओं और वेल विशेज के लिए बहुत–बहुत धन्यवाद. हम आपके सपोर्ट की सराहना करते हैं. सोनाली और परिवार के दूसरे दो सदस्य रिकवर हो रहे हैं. आपके प्यार और दयालुता के लिए हमेशा आभारी रहूंगा.श अब हॉस्पिटल ने एक मेडिकल बुलेटिन जारी किया है जिसमें लिखा है– सोनाली सूद, उनकी बहन और भांजे को कल रात करीब 10 बजकर 30 मिनट पर बजे मैक्स हॉस्पिटल, नागपुर के इमरजेंसी डिपार्टमेंट में लाया गया था. कथित तौर पर वे सड़क हादसे में घायल हुए थे. तीनों मरीज अस्पताल पहुंचने पर होश में थे और उनकी हालत स्टेबल थी.स्टेटमेंट में आगे लिखा था– न्हें कई खरोंचें आई थीं और अंदरूनी चोट के लिए जांच की गई, जिसमें कोई चोट नहीं पाई गई. उनके भतीजे को फर्स्ट एड के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया था. सोनाली सूद और उनकी बहन निगरानी में हैं और उनकी हालत में सुधार हो रहा है. उनकी हालत स्थिर है. बता दें कि इससे पहले सोनू सूद ने भी बीवी सुनीता का हेल्थ अपडेट शेयर किया था. सोनू ने कहा था– वो अब ठीक हैं. वो बच गईं. ओम साईं राम.

# नागिन फेम रश्मि देसाई ठेले पर बेच रहीं सब्जी, सड़क किनारे देख यूजर्स बोले– अब ये नौबत आ गई है



नागिन फेम एक्ट्रेस रश्मि देसाई टीवी इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं. रश्मि ने कड़ी मेहनत से इंडस्ट्री में नाम बनाया. उन्होंने उतरन जैसे हिट शोज दिए हैं. अब रश्मि देसाई अपनी एक पोस्ट की वजह से चर्चा में हैं. इस पोस्ट में वो सब्जी बेचती नजर आ रही हैं. फैंस इन फोटोज को देखकर शॉक्ड हो गए हैं. रश्मि देसाई को ऐसे देख फैंस के मन में तमाम सवाल आ रहे हैं. फोटोज के कैप्शन में रश्मि ने लिखा– किताब पढ़ना नॉर्मल है. इसके बजाय कविता पढ़िए. आप वो वापस जिओगे जो आप शायद भूल गए हैं. तस्वीरों में रश्मि को कुर्ता पहने देखा गया. उन्होंने ब्लैक कलर की बिंदी से अपने इस लुक को कंप्लीट किया. उनकी बिंदी लुक में चार चांद लगा रही हैं. गोल्ड ईयररिंग्स, चूड़ियां पहने रश्मि खूबसूरत लग रही हैं. वो ठेले पर सब्जी बेचती दिखीं. वो कभी शिमला मिर्च तो कभी सहजन बेचती नजर आईं.एक यूजर ने लिखा– अब ये नौबत आ गई है. वहीं एक यूजर ने लिखा कि मैम ये शूटिंग चल रही है या आप सच में सब्जी खरीद रहो हो. वहीं कुछ लोग बोल रहे हैं रश्मि ऐसे सब्जी बेचते हुए खूबसूरत लग रही हैं. एक यूजर ने तो सब्जी के भाव भी पूछे. बता दें कि रश्मि की ये फोटोज उनके एक फोटोशूट का हिस्सा हैं. वर्क फ्रंट पर रश्मि इन दिनों टीवी की दुनिया से दूरी बनाए हुए हैं. उन्हें बिग बॉस नागिन जैसे शोज में देखा गया था. रश्मि को नागिन के रोल में बहुत पसंद किया गया था. अब फैंस उन्हें टीवी की दुनिया में देखने के लिए एक्साइटेड हैं.

# सोनाली बेंद्र के हाथ में हुआ फ्रैक्चर, एयरपोर्ट पर टूटे हाथ के साथ हुईं स्पॉट



बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे अपने क्यूटनेस के लिए आज भी लोगों के बीच फेमस हैं. 90 के दशक में सोनाली बेंद्र ने कई फिल्मों में काम किया है और वो लोगों की क्रश बन गई थीं. आज भई सोनाली बेंद्रे उतनी ही मासूम हैं जैसे पहले थीं. मगर अब सोनाली क फैंस परेशान हो गए हैं. सोनाली हाल ही में एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं. सोनाली के हाथ में फ्रैक्चर हो गया है. वो हाथ में प्लास्टर लगाए नजर आईं.सोनाली का एयरपोर्ट का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वो सिंपल जीन्स और टी–शर्ट में नजर आ रही हैं. उन्होंने एक कंधे पर बैग टांगा हुआ है और दूसरे हाथ में प्लास्टर लगा हुआ है.सोनाली को इस हाल में देखकर उनके फैंस बहुत परेशान हो रहे हैं. वो उनके एयरपोर्ट की वीडियो पर ढेर सारे कमेंट करके उनके ठीक होने की दुआ कर रहे हैं. एक यूजर ने लिखा– सोनाली जी ये क्या हो गया आपको. एक ने लिखा– क्या हो गया यार. एक ने लिखा– हाथ को क्या हुआ. वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनाली बेंद्रे अभी भी एक्टिंग की दुनिया में एक्टिव हैं. वो हाल ही में रिलीज हुई फिल्म बी हैप्पी में अभिषेक बच्चन के साथ नजर आएंगी. फिल्म में सोनाली बेंद्रे ने गेस्ट जज का किरदार निभाया है. सोनाली के किरदार को बहुत पसंद किया गया है. सोनाली हमेशा से फैंस के बीच छाई रही हैं. उन्हें स्क्रीन पर देखना हमेशा से फैंस के लिए बहुत ज्यादा एक्साइटमेंट रहा है. सोनाली के बॉलीवुड करियर की बात करें तो उन्होंने 1994 में आई फिल्म आग से डेब्यू किया था. आग के बाद सोनाली बॉम्बे, द डॉन, गब्बर और टक्कर जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं. अभी भी वो कई रियलिटी शोज में नजर आ जाती हैं. जहां पर वो अपनी फिल्मों से जुड़े कई किस्से सुनाती हैं